# योगदा सत्संग सोसाइटी ऑफ़ इण्डिया

## साधना संगम 2020

















सबमें प्रेम बाँटना, ईश्वर के प्रेम का अनुभव करना, उनकी अभिव्यक्ति को प्रत्येक व्यक्ति में देखना, तथा मात्र एक ही इच्छा रखना — अपनी चेतना के मंदिर में उनकी निरंतर उपस्थिति की — यही इस संसार में जीने का मार्ग है।

—श्री श्री परमहंस योगानन्द

प्रिय दिव्य आत्मन्,

हमारे प्रिय गुरुदेव के आध्यात्मिक परिवार के सभी सदस्यों को हम वर्ष 2020 में आयोजित होने वाले साधना संगमों में सम्मिलित होने के लिए प्रेम पूर्वक आमंत्रित करते हैं। अधिक संख्या में भक्तों की सहभागिता को संभव बनाने के लिए, वाईएसएस राँची आश्रम में केवल दो वार्षिक शरद संगमों को आयोजित करने के स्थान पर हम वर्ष 2020 में पाँच विभिन्न स्थानों पर अनेक साधना संगमों का आयोजन करेंगे।

ये संगम, एक साथ राँची, नोएडा, तथा दक्षिणेश्वर में स्थित वाईएसएस आश्रमों; इगतपुरी में परमहंस योगानन्द साधनालय; तथा शिमला में आनन्द शिखर साधनालय में पूरे वर्ष के दरम्यान आयोजित किये जाएँगे। भक्तगण अपनी सुविधानुसार समय तथा स्थान को ध्यान में रखते हुए किसी भी *संगम* का चयन कर सकतें हैं। किन्तु, कोई भी भक्त वर्ष 2020 में मात्र एक ही साधना संगम में भाग ले सकता है।

चूँकि ये साधना संगम, राँची में आयोजित किये जानेवाले शरद संगमों के स्थान पर आयोजित किये जाएँगे, वर्ष 2020 में शरद संगमों का आयोजन नहीं होगा। (कृपया हमारी वेबसाइट, *www.yssi.org/ss2020,* पर संबंधित सूचना को देखें।)

कृपया ध्यान दें कि मात्र योगदा भक्त ही इन कार्यक्रमों में भाग ले सकते हैं। इसके अतिरिक्त, कोई भी भक्त अपने चुनाव के अनुसार किसी एक स्थान पर तथा एक संगम में ही भाग ले सकता है। पंजीकरण पहले-आएँ, पहले-पाएँ के आधार पर किया जाएगा।

अत्यंत व्यस्त कार्यक्रम तथा अत्यंत सामान्य आवासीय सुविधाएँ होने के कारण, हम उन भक्तों से, जिनका स्वास्थ्य ठीक नहीं है अथवा जिनकी कोई विशेष आवश्यकताएँ हैं, अनुरोध करते हैं कि वे आवेदन न करें।

पंजीकरण की विधि के विवरण पृष्ठ 8 और 9 पर दिये गये हैं, तथा पंजीकरण हेतु आवेदन पत्र पृष्ठ 11 तथा 12 पर दिया गया है। पंजीकरण आवेदन पत्र को भरने तथा भेजने से पूर्व कृपया पंजीकरण विधि को ध्यानपूर्वक पढ़ें।

साधना संगमों का मुख्य उद्देश्य योगदा भक्तों को एक आध्यात्मिक अवसर प्रदान करना है, जहाँ वे एकत्र हो सकें, अपनी *साधना* में गहरे उतर सकें, तथा आध्यात्मिक रूप से नवीकृत होकर, अपने हृदय एवं मन को ईश्वर में दृढ़ता से स्थिर कर, संसार की चुनौतियों का सामना करने के लिए पूर्णतया तैयार होकर अपने घर लौट सकें।

गुरुजी ने कहा : “नववर्ष के प्रारंभ के साथ, एकाग्र-चित्त संकल्प तथा आध्यात्मिक दृढ़-निश्चय के साथ आइए हम अपने जीवन के एक नए युग में प्रवेश करें।”

आपको तथा आपके प्रियजनों को हमारा प्रेम, तथा हम प्रार्थना करते हैं कि इस नूतन वर्ष में ईश्वर के आशीष से आपकी आत्माओं की उच्चतम आकांक्षाएँ फलीभूत हों।

दिव्य मैत्री में,

**योगदा सत्संग सोसाइटी ऑफ़ इण्डिया**

# साधना संगम कैलेंडर

प्रत्येक संगम में ध्यान की प्रविधियों पर होने वाली कक्षाएँ किस भाषा में होंगी ये विवरण कैलेंडर में दिये गये हैं; किन्तु, आध्यात्मिक प्रवचन अंग्रेज़ी अथवा हिंदी में से किसी एक भाषा में होंगे।

| दिनांक | राँची | नोएडा | दक्षिणेश्वर | इगतपुरी | शिमला | रजिस्ट्रेशन की अंतिम तिथि† |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 12–15 मार्च | हिन्दी* | हिन्दी* | हिन्दी | अंग्रेज़ी | | 21 फ़रवरी |
| 2–5 अप्रैल | अंग्रेज़ी | अंग्रेज़ी* | — | — | — | 13 मार्च |
| 16–19 अप्रैल | — | — | — | — | हिन्दी | 27 मार्च |
| 7–10 मई | — | — | — | — | अंग्रेज़ी | 17 अप्रैल |
| 9–12 जुलाई | हिन्दी | हिन्दी | — | — | — | 19 जून |
| 6–9 अगस्त | अंग्रेज़ी | हिन्दी | अंग्रेज़ी | — | — | 17 जुलाई |
| 3–6 सितंबर | तेलुगू | हिन्दी | हिन्दी | — | — | 14 अगस्त |
| 8–11 अक्तूबर | अंग्रेज़ी* | हिन्दी* | बंगला* | हिन्दी | — | 18 सितंबर |
| 5–8 नवम्बर | अंग्रेज़ी* | अंग्रेज़ी* | अंग्रेज़ी* | हिन्दी | — | 16 अक्तूबर |
| 3–6 दिसम्बर | हिन्दी* | हिन्दी | — | अंग्रेज़ी | — | 13 नवम्बर |

* संगम जिसमें क्रियायोग दीक्षा दी जायेगी।

† किन्तु, किसी स्थान विशेष के लिए रजिस्ट्रेशन पहले भी बंद हो सकता है, यदि उस स्थान के लिए रजिस्ट्रेशन हेतु आवेदन अंतिम तिथि से पहले ही उच्चतम सीमा तक पहुँच गए हैं।

## साधना संगमों के विषय में

शरद संगमों की भाँति, ये कार्यक्रम योगदा भक्तों के लिए आध्यात्मिक पुनर्नवीकरण तथा गुरुदेव की शिक्षाओं एवं ध्यान प्रविधियों के ज्ञान और अभ्यास को गहनतर बनाने का अवसर प्रदान करेंगे। दोनों के बीच मुख्य अंतर प्रतिभागियों की संख्या है। जहाँ पहले प्रत्येक शरद संगम में 1,800 से अधिक भक्त भाग लेते थे, अब प्रत्येक साधना संगम में भक्तों की संख्या कुछ सौ तक ही सीमित रहेगी।

इसके फलस्वरूप, प्रत्येक कमरे में कम संख्या में भक्तों को ठहराया जाएगा, जिससे प्रत्येक भक्त को रहने के लिए पहले से अधिक जगह मिलेगी। इस से शरद संगम में भक्तों द्वारा अनुभव की जाने वाली अनेक समस्याओं का निवारण

होगा, जैसे कि लंबी कतारें, खाने के पंडाल में अत्यधिक भीड़, और सभागार में बैठने के लिए अपर्याप्त स्थान। भक्त हमारे आश्रमों के पवित्र वातावरण और सुंदर उद्यानों का भी अधिक आनन्द ले सकेंगे। चूँकि प्रत्येक कार्यक्रम में भाग लेने वाले भक्तों की संख्या कम होगी, प्रत्येक भक्त को संन्यासियों से व्यक्तिगत परामर्श तथा आध्यात्मिक मार्गदर्शन प्राप्त करने का अधिक अवसर मिलेगा।

साधना संगमों के कार्यक्रमों में उन सभी गतिविधियों को सम्मिलित किया जाएगा, जिनके कारण शरद संगम इतने आकर्षक तथा आध्यात्मिक रूप से लाभदायक होते थे, जैसे कि *संन्यासियों* द्वारा संचालित दैनिक सामूहिक ध्यान, ध्यान-प्रविधियों पर कक्षाएँ, सत्संग, कॉस्मिक चांट्स सत्र और वीडियो शो। इन कार्यक्रमों में एक स्थान से अन्य सभी स्थानों पर वरिष्ठ योगदा *संन्यासियों* के सत्संगों का सीधा प्रसारण (livestreaming) भी सम्मिलित किया जाएगा ताकि इनमें भाग लेने वाले सभी भक्त उनसे लाभान्वित हों। कार्यक्रम में *संन्यासियों* के साथ व्यक्तिगत परामर्श का अवसर, तथा आराम और विश्राम के लिए पर्याप्त समय का प्रावधान होगा।

साधना संगम वर्ष 2020 में मार्च से प्रारंभ होकर दिसंबर तक, केवल मई और जून की तपती गर्मी के महीनों को छोड़कर, प्रत्येक माह में आयोजित किये जाएँगे। विवरण हेतु कृपया पृष्ठ 3 पर साधना संगम कैलेंडर देखें।

## कार्यक्रम

कार्यक्रमों के विवरण कुछ इस प्रकार होंगे :

### गुरुवार

| | |
|---|---|
| 07:00 से 08:30 पूर्वाह्न | शक्ति-संचार व्यायाम एवं ध्यान |
| 09:30 से 10:30 पूर्वाह्न | उद्‌घाटन सत्संग |
| 11:00 से 12:00 मध्याह्न | हं-सः प्रविधि का पुनरवलोकन |
| 12:30 से 01:30 अपराह्न | परामर्श |
| 02:00 से 03:30 अपराह्न | शक्ति-संचार व्यायामों का पुनरवलोकन |
| 05:30 से 09:00 अपराह्न | शक्ति-संचार व्यायाम एवं ध्यान |

### शुक्रवार

| | |
|---|---|
| 07:00 से 08:30 पूर्वाह्न | शक्ति-संचार व्यायाम एवं ध्यान |
| 09:30 से 10:30 पूर्वाह्न | ओम् प्रविधि का पुनरवलोकन |
| 11:00 से 12:00 मध्याह्न | आध्यात्मिक प्रवचन |
| 12:30 से 02:30 अपराह्न | परामर्श |
| 03:00 से 04:00 अपराह्न | सत्संग |
| 05:30 से 07:30 अपराह्न | शक्ति-संचार व्यायाम एवं ध्यान |
| 08:15 से 09:15 अपराह्न | वीडियो शो |

### शनिवार#

| | |
|---|---|
| 07:00 से 08:30 पूर्वाह्न | शक्ति-संचार व्यायाम एवं ध्यान |
| 10:00 से 12:00 मध्याह्न | क्रियायोग पुनरवलोकन एवं जाँच<br>सत्संग (उन भक्तों के लिए जो क्रियावान् नहीं हैं) |
| 12:30 से 02:30 अपराह्न | परामर्श |
| 03:00 से 04:00 अपराह्न | आध्यात्मिक प्रवचन |
| 05:30 से 07:30 अपराह्न | शक्ति-संचार व्यायाम एवं ध्यान |
| 08:15 से 09:15 अपराह्न | कॉस्मिक चांट्स |

### रविवार (प्रत्येक स्थान पर समय भिन्न-भिन्न हो सकता है)

| | |
|---|---|
| 10:00 से 11:30 पूर्वाह्न | समापन सत्संग एवं *प्रसाद* |
| 04:00 से 07:30 अपराह्न | शक्ति-संचार व्यायाम एवं ध्यान |

# कृपया ध्यान दें कि जिन कार्यक्रमों में क्रियायोग दीक्षा सम्मिलित है, उनमें शनिवार को निम्न परिवर्तन होंगे :

08:00 से 11:30 पूर्वाह्न क्रियायोग दीक्षा

09:00 से 11:30 पूर्वाह्न सत्संग (उन भक्तों के लिए जो क्रियावान् नहीं हैं)

02:00 से 03:30 अपराह्न क्रियायोग पुनरवलोकन एवं जाँच

## योगदा सत्संग ध्यान प्रविधि कक्षाएँ तथा प्रवचन

शक्ति-संचार, एकाग्रता, तथा ध्यान की प्रविधियों को समझाया तथा प्रदर्शित किया जाएगा। जैसा कि पृष्ठ 3 पर इंगित है, ये कक्षाएँ भिन्न भाषाओं में संचालित की जाएँगी। संगमों में गुरुदेव के *आदर्श-जीवन* सिद्धांतों पर आधारित प्रवचनों का भी समावेश होगा। ये प्रवचन अंग्रेज़ी अथवा हिंदी में से किसी एक भाषा में होंगे।

## क्रियायोग दीक्षा

जिन संगमों में क्रियायोग *दीक्षा* आयोजित की जाएगी, उनका उल्लेख पृष्ठ 3 पर किया गया है। क्रियायोग *दीक्षा* समारोह निम्न तिथियों में तथा उल्लिखित भाषाओं में आयोजित किए जाएँगे :

**राँची :** 14 मार्च (हिन्दी), 10 अक्तूबर (अंग्रेज़ी), 7 नवम्बर (अंग्रेज़ी) तथा 5 दिसम्बर (हिन्दी)

**नोएडा :** 14 मार्च (हिन्दी), 4 अप्रैल (अंग्रेज़ी), 10 अक्तूबर (हिन्दी) तथा 7 नवम्बर (अंग्रेज़ी)

**दक्षिणेश्वर :** 10 अक्तूबर (बंगला) तथा 7 नवम्बर (अंग्रेज़ी)

**इगतपुरी तथा शिमला :** क्रियायोग दीक्षा का आयोजन नहीं होगा

उन संगमों में भाग लेने वाले सभी क्रियावानों को, क्रियायोग *दीक्षा* प्राप्त करने वाले नए भक्तों के साथ, क्रियायोग *दीक्षा* समारोह में भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा।

## क्रियायोग दीक्षा के लिए पात्रता

इनमें से किसी भी स्थान पर क्रियायोग *दीक्षा* प्राप्त करने के लिए योगदा पाठों के साथ भेजी जानेवाली प्रश्नावली के सही उत्तर भेजने होंगे। साथ ही, अपने हस्ताक्षर के साथ क्रियायोग शपथ पत्र भी भेजना आवश्यक है जिसमें हम योगदा गुरु परंपरा तथा योगदा सत्संग मार्ग के प्रति अपनी भक्ति एवं निष्ठा व्यक्त करते हैं। यदि आप क्रियायोग *दीक्षा* लेना चाहते हैं, परंतु आपने प्रश्नावली के उत्तर अभी तक नहीं भेजे हैं, तो आप अपने उत्तर उस स्थान के पते पर भेज सकते हैं जहाँ आप संगम में भाग लेंगे ताकि *संन्यासीगण* उनकी जाँच कर सकें। यदि आपने पहले से ही ये उत्तर राँची भेज दिए हैं तथा आपको क्रियायोग प्राप्त करने की लिखित अनुमति प्राप्त हो गई है, तो कृपया वह अनुमति पत्र रजिस्ट्रेशन हेतु उस स्थान पर अपने साथ ले जाएँ। कृपया नोट करें कि, क्रियायोग *दीक्षा* की पात्रता के लिए भक्त को पहली तीन मूल योगदा

प्रविधियों (शक्ति-संचार व्यायाम, हं-सः, तथा ओम्) का अनेक महीनों तक नियमित रूप से अभ्यास करना होगा।

जो भक्त समारोह में क्रियायोग *दीक्षा* प्राप्त करना चाहते हैं; जिन भक्तों को क्रियायोग पाठ प्राप्त हो गए हैं किंतु उन्होंने अभी तक क्रिया *दीक्षा* समारोह में भाग नहीं लिया है तथा अब वे भाग लेना चाहते हैं; तथा वे क्रियावान् जिनको औपचारिक क्रियायोग *दीक्षा* मिल गयी है किंतु समारोह में भाग लेना चाहते हैं—इन सभी भक्तजनों को *दीक्षा* के कम से कम एक दिवस पूर्व संबंधित स्थान पर अग्रिम पंजीकरण कराना होगा, तथा समारोह में अपेक्षित प्रवेश पत्र लेकर आना होगा। सभी क्रियावान् भक्तों से अनुरोध है कि वे क्रिया *दीक्षा* समारोह में अपना पंजीकरण कराने तथा पुनरवलोकन कक्षा में भाग लेने के समय कृपया अपना क्रियावान् पहचान कार्ड लेकर आएँ तथा उसे दिखाएँ।

### स्वयंसेवक

सदैव की भाँति, विभिन्न क्षेत्रों में सेवा के लिए स्वयंसेवक भक्तों की आवश्यकता होगी, जैसे कि रजिस्ट्रेशन डेस्क, आवास, ऑडियो-विज़ुअल, भोजन, साफ़-सफ़ाई, प्रवेशक कार्य (ushering), इत्यादि। इनमें से कुछ क्षेत्रों में स्वयंसेवकों की आवश्यकता समारोह प्रारम्भ होने से एक या दो दिन पूर्व से होगी। यदि आप स्वयंसेवक बनना चाहते हैं, कृपया तदनुसार रजिस्ट्रेशन आवेदन पत्र में इंगित करें।

## पंजीकरण सूचना

### कार्यक्रम

प्रत्येक स्थान पर कार्यक्रम गुरुवार प्रातःकाल प्रारम्भ होंगे तथा रविवार दोपहर के बाद समाप्त होंगे। सभी भक्तों के पास चार अतिरिक्त दिनों तक ठहरने का विकल्प होगा। वे कार्यक्रम से दो दिवस पूर्व (मंगलवार प्रातःकाल) आ सकते हैं, तथा कार्यक्रम के समाप्त होने के पश्चात् दो अतिरिक्त दिवस (अगले मंगलवार की रात्रि तक) ठहर सकते हैं। गुरुजी के आश्रम/साधनालय में आठ दिन तक का समय बिताने से भक्तों को आराम, विश्राम, तथा आध्यात्मिक पुनर्नवीकरण के लिए पर्याप्त समय मिलेगा। आप तदनुसार अपने आगमन तथा प्रस्थान की योजना बना सकते हैं।

### आवासीय सुविधा

महिलाओं तथा पुरुषों के लिए अलग-अलग साझा/डॉर्मिटेरी शैली की आवासीय सुविधा का प्रबंध किया जाएगा। परिवार के सदस्य तदनुसार योजना बना सकते हैं

तथा अपना सामान पैक कर सकते हैं। जिन भक्तों को विशेष आवासीय सुविधा अथवा आहार की आवश्यकता है, वे कृपया अपना प्रबंध स्वयं करें। अनुरोध करने पर हम आपको समीप के होटलों की एक सूची भेज देंगे।

## पहले-आएँ, पहले-पाएँ

सभी पाँच स्थानों पर आवासीय सुविधाओं की सीमित उपलब्धता के कारण पंजीकरणों की पुष्टि पहले-आएँ, पहले-पाएँ के आधार पर की जाएगी। भक्त अपने चयन की वरीयता के अनुसार इन स्थानों के क्रम को आवेदन पत्र में इंगित कर सकते हैं। यदि हम आपकी प्रथम वरीयता के अनुसार स्थान आवंटित करने में असमर्थ हैं, तब हम आपकी वरीयता के क्रम के अनुसार अन्य स्थान आवंटित करने का प्रयास करेंगे।

## भुगतान

पंजीकरण शुल्क, भोजन सहित, ₹1,000 प्रति व्यक्ति* है।

## ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन

शीघ्र तथा सरल पंजीकरण हेतु कृपया *devotees.yssofindia.org* पर ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करें।

## फ़ोन द्वारा पंजीकरण

जिन भक्तों के लिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करना सुविधाजनक नहीं है, वे राँची आश्रम में हेल्प-डेस्क (Help Desk) को फ़ोन कर अपना पंजीकरण करवा सकते हैं। अपने सम्पर्क तथा पंजीकरण विवरण देने के पश्चात्, आपको शुल्क के भुगतान हेतु एक एस.एम.एस. लिंक (SMS Link) भेजा जाएगा। पंजीकरण की पुष्टि के लिए, लिंक प्राप्त करने के 72 घंटे के अंदर यह भुगतान आपके (अथवा आपकी ओर से आपके किसी मित्र/परिवार के सदस्य) द्वारा किया जा सकता है।

## पत्र द्वारा पंजीकरण

हमारा अनुरोध है कि भक्त ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन अथवा फ़ोन से पंजीकरण करें। किंतु, यदि आप ऐसा करने में असमर्थ हैं, आप संलग्न पंजीकरण आवेदन पत्र भरकर

---

* यदि आप पंजीकरण शुल्क के भुगतान में कठिनाई अनुभव कर रहे हैं, तो कृपया हमारे राँची आश्रम से सम्पर्क करें।

आवश्यक भुगतान के साथ पृष्ठ 10 पर दिए गए संबंधित आश्रम के पत्राचार के पते पर भेज सकते हैं। *जो भक्त इगतपुरी अथवा शिमला के कार्यक्रम में भाग लेना चाहते हैं, वे अपना पंजीकरण आवेदन पत्र राँची आश्रम भेज सकते हैं।*

भुगतान केवल योगदा सत्संग सोसाइटी ऑफ़ इण्डिया (YOGODA SATSANGA SOCIETY OF INDIA) को देय सम मूल्य (At-Par) चेक द्वारा ही करें। कृपया मनी-ऑर्डर, बैंक ड्राफ़्ट, अथवा आई.पी.ओ. द्वारा भुगतान न करें।

## पंजीकरण की प्रथम एवं अंतिम तिथि

**सभी कार्यक्रमों के लिए ऑनलाइन, फ़ोन, तथा पत्र द्वारा पंजीकरण 20 जनवरी, 2020 को, 11:00 बजे पूर्वाह्न से प्रारम्भ होंगे।**

संगमों के लिए पंजीकरण की अंतिम तिथियाँ पृष्ठ 3 पर दर्शाई गई हैं। किंतु, किसी स्थान विशेष के लिए पंजीकरण पहले भी बंद हो सकता है यदि उस स्थान के लिए पंजीकरण हेतु आवेदन उच्चतम सीमा तक पहुँच गए हैं। आपका पंजीकरण स्वीकार होने पर हम आपको एस.एम.एस. (SMS), ईमेल, अथवा पत्र द्वारा सूचित करेंगे।

## आपके दान की आवश्यकता है

इन संगमों के आयोजन में होने वाले व्यय की आपूर्ति के लिए हम आपसे योगदान का अनुरोध करते हैं। पंजीकरण शुल्क को कम रखा गया है ताकि सीमित आय वाले भक्त भी भाग ले सकें। हम उनके आभारी हैं जो अधिक बड़े योगदान देने में सक्षम हैं, जिससे हम शुल्क को कम रख सकते हैं तथा इस प्रकार सभी सच्चे साधक गुरुदेव के आतिथ्य-सत्कार का लाभ प्राप्त कर सकते हैं।

# पत्राचार का पता तथा संपर्क विवरण

**योगदा सत्संग शाखा मठ एवं आश्रम—राँची**

परमहंस योगानन्द मार्ग, राँची–834 001, झारखण्ड;

फ़ोन : 9431917333; 9431917444; 9431917555; (0651) 2460071/72/73/74

सोमवार–शनिवार : 9:00 पूर्वाह्न से 4:30 अपराह्न;

ईमेल : helpdesk@yssi.org

**योगदा सत्संग मठ—दक्षिणेश्वर**

21, यू.एन. मुखर्जी मार्ग, दक्षिणेश्वर, कोलकाता–700 076, पश्चिम बंगाल

फ़ोन : (033) 25645931, 25646208, 8420873743

सोमवार–शनिवार : 9:00 पूर्वाह्न से 4:30 अपराह्न;

ईमेल : yssdak@yssi.org

**योगदा सत्संग शाखा आश्रम—नोएडा**

परमहंस योगानन्द मार्ग, बी-4, सेक्टर 62,

नोएडा–201 307, जनपद गौतमबुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश;

फ़ोन : 9899811808, 9899811909, 0120-2400670/71/72

सोमवार–शनिवार : 9:00 पूर्वाह्न से 4:30 अपराह्न;

ईमेल : yssnoidasangam@gmail.com

**परमहंस योगानन्द साधनालय—इगतपुरी**

परमहंस योगानन्द पथ, योगानन्दपुरम, इगतपुरी–422 403

फ़ोन : 8087618737, 9823459145;

मंगलवार–रविवार : 09:00 पूर्वाह्न से 5:00 अपराह्न;

ईमेल : ysdk.igatpuri@gmail.com

**योगदा सत्संग आनंद शिखर साधनालय—शिमला**

बनोती पहल मार्ग, ग्राम पंती, शिमला–171 011, हिमाचल प्रदेश

फ़ोन : (0177) 6521788, 09418638808, 09459051087;

सोमवार–शनिवार : 11:00 पूर्वाह्न से 5:00 अपराह्न;

ईमेल : ysdk.shimla@gmail.com

## पूछताछ

किसी भी प्रकार की पूछताछ के लिए प्रत्येक संबंधित स्थान से ऊपर दिए हुए विवरण के अनुसार सम्पर्क अथवा वाईएसएस राँची सहायता केंद्र (help desk) से सम्पर्क कर सकते हैं :

फ़ोन : 9431917333; 9431917444; 9431917555; (0651) 2460071/72/73/74 सोमवार से शनिवार : 9:00 पूर्वाह्न से 4:30 अपराह्न; अथवा helpdesk@yssi.org पर ईमेल करें।

इन कार्यक्रमों से संबंधित अतिरिक्त नवीनतम जानकारी के लिए कृपया हमारी वेबसाइट : *www.yssofindia.org/ss2020* देखें।